भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1582
दिनांक 13 फरवरी, 2025

## इलाहाबाद में लोहगरा पर तेलशोधन संयंत्र स्थापित करना

**1582. श्री उज्जवल रमण सिंह:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पेट्रोलियम मंत्री द्वारा 1996 में इलाहाबाद के वारा तहसील के लोहगरा में एक तेल शोधन संयंत्र स्थापित करने के लिए नींव रखी गई थी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त तेल शोधन संयंत्र के लिए किसानों से जमीन अधिगृहीत की गई थी;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या लोहगरा में तेल शोधन संयंत्र की स्थापना का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है जबकि 2011 में बीना तेल शोधन संयंत्र ने काम करना शुरू कर दिया है;

(ड.) यदि हां, तो इस विलम्ब का कारण क्या है; और

(च) क्या सरकार यमुना-पार के पूरे पहाड़ी क्षेत्र को औद्योगिक केन्द्र के रूप में विकसित करने तथा समग्र जिले के लाभ के लिए रोजगार के अवसरों को कई गुणा बढ़ाने के लिए इस तेल शोधन संयंत्र की तत्काल स्थापना के लिए प्रयास करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (च): जी, नहीं। इलाहाबाद (प्रयागराज) के बारा तहसील के लोहगरा में रिफाइनरी स्थापित करने के लिए अब तक कोई आधारशिला नहीं रखी गई है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने निजी भूमि, पट्टे पर वन-भूमि और ग्राम सभा की भूमि सहित करीब 3000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। इलाहाबाद (प्रयागराज) में रिफाइनरी परिसर की व्यवहार्यता निर्धारित करने के निमित्त पेट्रोलियम उत्पादों के तकनीकी वाणिज्यिक व्यवहार्यता/मूल्यांकन अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है।

****